भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3272

21.08.2025 **को उत्तर के लिए**

वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन

3272 श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अंतर्गत स्थापित किए गए वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों की संख्या कितनी हैं और वर्तमान में इस प्रकार के कितने स्टेशन कार्यरत हैं, राज्य-वार ब्यौरा क्या हैं;

(ख) स्टेशन संबंधी स्थानों के निर्धारण के लिए क्या विशिष्ट मानदंड अपनाए गए हैं और क्या स्टेशनों की वर्तमान संख्या वायु गुणवत्ता के व्यापक मूल्यांकन के लिए पर्याप्त है;

(ग) क्या ऐसे मानदंडों के अनुपालन का आकलन करने के लिए कोई मूल्यांकन किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है; और

(ङ) क्या अतिरिक्त स्टेशन स्थापित करने की योजना है और यदि हां, तो प्रस्तावित स्थानों और समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ङ): केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) द्वारा देश भर के 572 शहरों और 4 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित 1,612 निगरानी केंद्रों के माध्यम से परिवेशी वायु गुणवत्ता की निगरानी की जाती है। देश में परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

सीपीसीबी ने जनसंख्या के आधार पर परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र स्थापित करने के लिए मानदंड जारी किए हैं। उक्त मानदंड **अनुलग्नक-II** में संलग्न हैं। संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत अधिदेशित किए गए अनुसार परिवेशी वायु गुणवत्ता के आंकड़े एकत्रित करते हैं।

***

अनुलग्नक I

शहरी क्षेत्रों में परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी)	निगरानी स्टेशनों की संख्या
1	अंडमान और निकोबार (यूटी)	4
2	आंध्र प्रदेश	85
3	अरुणाचल प्रदेश	3
4	असम	41
5	बिहार	43
6	चंडीगढ़ (यूटी)	8
7	छत्तीसगढ़	31
8	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव (यूटी)	8
9	दिल्ली (यूटी)	46
10	गोवा	18
11	गुजरात	82
12	हरियाणा	36
13	हिमाचल प्रदेश	26
14	जम्मू और कश्मीर (यूटी)	32
15	झारखंड	14
16	कर्नाटक	73
17	केरल	38
18	लक्षद्वीप (यूटी)	1
19	मध्य प्रदेश	71
20	महाराष्ट्र	171
21	मणिपुर	3
22	मेघालय	36
23	मिजोरम	35
24	नागालैंड	41
25	ओडिशा	6
26	ओडिशा	74
27	पांडिचेरी (यूटी)	7
28	पंजाब	84
29	राजस्थान	91
30	सिक्किम	10
31	तमिलनाडु	89
32	तेलंगाना	36
33	त्रिपुरा	4
34	उत्तर प्रदेश	141
35	उत्तराखंड	15
36	पश्चिम बंगाल	109
कुल		**1612**

अनुलग्नक-II

परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क तैयार करने से संबंधित मानदंड

जनसंख्या (जनगणना 2011 के अनुसार)	मैनुअल स्टेशनों की न्यूनतम संख्या	सीएएक्यूएमएस की न्यूनतम संख्या	कुल
1,00,000- < 5,00,000	पृष्ठभूमि (1 संख्या) आवासीय/वाणिज्यिक (2 संख्या)	आवासीय (1 संख्या)	4
5,00,000- <10,00,000	पृष्ठभूमि (1 संख्या) आवासीय/वाणिज्यिक (2 संख्याएँ)	आवासीय (1 संख्या) यातायात प्रधान क्षेत्र (1 संख्या) वाणिज्यिक (1 संख्या)	6
10,00,000- <50,00,000	पृष्ठभूमि (1 संख्या) आवासीय/वाणिज्यिक (2 संख्या)	आवासीय (2 संख्याएँ) यातायात प्रधान क्षेत्र (1 संख्या) वाणिज्यिक (1 संख्या) औद्योगिक क्षेत्र (1 संख्या)	8
≥50,00,000	वायु के विपरीत दिशा में पृष्ठभूमि (1 संख्या) नीचे की ओर हवा की दिशा में पृष्ठभूमि (1 संख्या) आवासीय/वाणिज्यिक (2 संख्या)	आवासीय (4 संख्याएँ) यातायात प्रधान क्षेत्र (3 संख्याएँ) वाणिज्यिक (3 संख्याएँ) औद्योगिक क्षेत्र (2 संख्याएँ)	16

*****